मौलाना आज़ाद नेशनल उर्दू यूनिवर्सिटी مولانا آزاد نیشنل اُردو یونیورسٹی
MAULANA AZAD NATIONAL URDU UNIVERSITY
(संसद के अधिनियम १९९८ द्वारा स्थापित केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
(राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् द्वारा "ए+" ग्रेड प्राप्त)

सं. मानू/परीक्षा I/एफ.12/2023/5316 दिनांक: 09.02.2023

आठवें दीक्षांत समारोह की अधिसूचना

यह सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय का **आठवां दीक्षांत समारोह** शीघ्र ही आयोजित किया जाएगा। जिन अभ्यर्थियों ने वर्ष 2018-19, 2019-20, 2020-21 तथा 2021-22 में नियमित पाठ्यक्रम के माध्यम से तथा वर्ष 2018, 2019, 2020, 2021 एवं 2022 में दूरस्थ पाठ्यक्रम के माध्यम से पाठ्यक्रम उत्तीर्ण किए हैं, वे डिग्री प्रमाण पत्र प्राप्त करने के पात्र हैं।

नियमित पाठ्यक्रम के छात्रों ने अंतिम समेस्टर शुल्क सहित दीक्षांत समारोह शुल्क का भुगतान पहले ही कर दिया है। इन छात्रों को विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह से संबंधित पोर्टल http://manuucoe.in/degree पर जाना होगा और यदि वे दीक्षांत समारोह में भाग लेने तथा ***'व्यक्तिगत रूप से'*** डिग्री प्रमाणपत्र प्राप्त करने के इच्छुक हैं तो अपना पंजीकरण कराना होगा। तथापि, सभी बी.टेक (2015-19 बैच) और पॉलिटेक्निक (2016-19) (गैर सीबीसीएस) के छात्रों को अपना दीक्षांत आवेदन पत्र (बिना शुल्क के) संलग्नक(अटैचमेंट) सहित संबंधित विभागाध्यक्ष/प्रधानाचार्य के माध्यम से भेजना होगा।

दूरस्थ पाठ्यक्रम के छात्र अपनी डिग्री/डिप्लोमा प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.manuu.edu.in पर उपलब्ध निर्धारित आवेदन पत्र में डिग्री प्रमाण पत्र के लिए आवेदन करेंगे। विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र सहित **₹. 300/-** के **ऑनलाइन भुगतान** की रसीद **परीक्षा नियंत्रक, मौलाना आज़ाद नेशनल उर्दू यूनिवर्सिटी, गच्चीबौली, हैदराबाद-500032** के पास **दिनांक 06.03.2023 को या उससे पहले प्राप्त हो जानी चाहिए।** ऑनलाइन शुल्क https://manuucoe.in/OnlinePayment/index.php/main3 पर विविध शुल्क के अंतर्गत भुगतान किया जा सकता है (डिमांड ड्राफ्ट स्वीकार नहीं किए जाएंगे)। सभी दूरस्थ पाठ्यक्रम के अभ्यर्थियों को डिग्री/डिप्लोमा प्रमाण पत्र केवल ***'अनुपस्थिति में'*** प्रदान किया जाएगा।

दूरस्थ पाठ्यक्रम के अभ्यर्थियों के डिग्री / डिप्लोमा प्रमाण पत्र, तथा वे नियमित अभ्यर्थी जो ***'अनुपस्थिति में'*** प्राप्त करने का विकल्प चुनते हैं, उन्हें दीक्षांत समारोह के पश्चात स्पीड पोस्ट द्वारा भेजे जाएंगे। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदकों के डिग्री/डिप्लोमा प्रमाण पत्र भी स्पीड पोस्ट द्वारा भेजे जाएंगे। अधूरे/त्रुटिपूर्ण आवेदनों को सरसरी तौर पर अस्वीकृत कर दिया जाएगा।

विश्वविद्यालय के आठवें दीक्षांत समारोह की तिथि, समय तथा स्थान की सूचना बाद में दी जाएगी।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि:
सभी संबंधित